| |
|---|
| दिनांक 30.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 454/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **16 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 29.08.2026 की रात्रि थाना लोनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर निठोरा अण्डरपास के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मो0आसिफ घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 16 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.08.2026 की रात्रि थाना लोनी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा छिनैती की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना लोनी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद मोटर साइकिल, रूपया आदि चोरी/छिनैती की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—मो0आसिफ निवासी सुल्ताननगर, मुस्तफाबाद थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2—16 हजार रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना कमलानगर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 लाख 200 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 29/30.08.2026 को थाना कमलानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुष्पांजलि कॉलोनी मनोहरपुर के पास से 03 अभियुक्तों 1—कृष उर्फ रजत 2—सागर 3—नीशू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 लाख 200 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25.08.2026 की रात्रि थाना कमलानगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी/छिनैती की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कमलानगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कमलानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कृष उर्फ रजत निवासी तेजनगर गुम्मट थाना कमलानगर कमिश्नरेट आगरा।

2—सागर निवासी नगला ठिपुरी बल्केश्वर थाना कमलानगर कमिश्नरेट आगरा।

3—नीशू निवासी बल्केश्वर थाना कमला नगर कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1—01 लाख 200 रूपये नगद।

2—02 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना एकता

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 29.08.2026 को थाना एकता पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रिंग रोड गढ़ी देवरी के पास से 02 अभियुक्तों 1–कमल 2–सूरज को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.08.2026 की रात्रि थाना एकता क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना एकता पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना एकता पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कमल निवासी देवरी रोड उर्खरा मोड थाना एकता कमिश्नरेट आगरा।

2–सूरज निवासी देवरी रोड ताल सैमरी थाना एकता कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–भारी मात्रा में चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि।

————————